आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक

# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 26 | अंक - 151 | उज्जैन, मंगलवार 23 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## तीसरे चरण के 9 लोकसभा क्षेत्रों में 127 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में, सोमवार को 14 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र वापस लिये

भोपाल । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के लिये भरे गये नाम निर्देशन पत्रों की वापसी प्रक्रिया के बाद अब 127 अभ्यर्थी अंतिम रूप से चुनाव मैदान में हैं। नाम वापस ले ने के अंतिम दिन सोमवार को 14 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिये।

श्री राजन ने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-1 मुरैना में 15 अभ्यर्थी, क्रमांक-2 भिण्ड (अजा) में 7 अभ्यर्थी, क्रमांक-3 ग्वालियर में 19 अभ्यर्थी, क्रमांक-4 गुना में 15 अभ्यर्थी, क्रमांक-5 सागर में 13 अभ्यर्थी, क्रमांक-18 विदिशा में 13 अभ्यर्थी, क्रमांक-19 भोपाल में 22 अभ्यर्थी, क्रमांक-20 राजगढ़ में 15 अभ्यर्थी एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्र.-29 बैतूल (अजजा) में 8 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रह गये हैं। इन अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। तीसरे चरण के लिए मंगलवार, 7 मई को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-1 मुरैना में 1 अभ्यर्थी, क्रमांक-2 भिण्ड (अजा) में 1 अभ्यर्थी, क्रमांक-3 ग्वालियर में 2 अभ्यर्थियों, क्रमांक-4 गुना में 2 अभ्यर्थियों, क्रमांक-5 सागर में 1 अभ्यर्थी, क्रमांक-18 विदिशा में 3 अभ्यर्थियों, क्रमांक-19 भोपाल में 3 अभ्यर्थियों एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्र.-29 बैतूल (अजजा) में 1 अभ्यर्थी ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिये हैं।

### *चौथे चरण के लिए 12 अभ्यर्थियों ने भरे नाम निर्देशन पत्र*

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र के चौथे दिन सोमवार को 12 अभ्यर्थियों ने 22 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। अब तक 28 अभ्यर्थियों द्वारा 47 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं।

## अवैध अंग प्रत्यारोपण करने वाले अस्पताल पर कार्रवाई करें, सरकार का सभी राज्यों को निर्देश



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अवैध अंग प्रत्यारोपण करने वाले अस्पतालों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने को कहा है। इसमें अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन निलंबित करना भी शामिल है। भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डा. अतुल गोयल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखा है।

इस पत्र में डा. गोयल ने कहा है कि अंग प्रत्यारोपण के सभी आंकड़े मासिक आधार पर राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के साथ साझा किए जाने चाहिए।

इनमें देश के नागरिकों के साथ ही विदेशी नागरिकों के आंकड़े भी होने चाहिए। हरियाणा और राजस्थान में हुए अवैध अंग प्रत्यारोपण के रैकेट की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह आदेश जारी किया है। इस रैकेट में बांग्लादेश के लोग भी शामिल थे।

किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़- चार अप्रैल को सीएम फ्लाइंग दस्ता, गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने जयपुर के दो निजी अस्पतालों में पैसे लेकर किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया था।

## सियाचिन बेस कैंप पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बोले- यह भारत के शौर्य और पराक्रम की राजधानी है



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत के शौर्य और पराक्रम की राजधानी बताया।

राजनाथ सिंह ने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का भी आनंद लिया। इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, आप दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की जमीन कोई आम जमीन नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है। यह हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत के शौर्य और पराक्रम की राजधानी है। राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी।

## सीडीएस जनरल अनिल चौहान चौहान फ्रांस दौरे पर, ये है पूरा कार्यक्रम



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान द्विपक्षीय रक्षा और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए रविवार को फ्रांस रवाना हो गए। हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता के मद्देनजर भारत-फ्रांस के बीच रक्षा एवं रणनीतिक संबंध महत्वपूर्ण हैं।

जनरल चौहान की फ्रांस यात्रा पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हो रही है। रक्षा मंत्रालय ने सीडीएस की यात्रा की अवधि का उल्लेख किए बिना कहा, इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा संबंधों को और मजबूत करना है।

फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ होगी बातचीत- जनरल चौहान यात्रा के दौरान फ्रांस के वरिष्ठ प्रशासनिक और सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे, जिसमें उनके समकक्ष फ्रांसीसी सीडीएस जनरल तिएरी बर्कहार्ड, शामिल हैं। जनरल चौहान का फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान और लैंड फोर्सेज कमांड का दौरा करने और इकोले मिलिटेयर (मिलिट्री स्कूल) में सेना और संयुक्त स्टाफ कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

भारतीय सैनिकों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे सीडीएस- सीडीएस न्यूवे-चैपल मेमोरियल और विलर्स-गुइसलेन में भारतीय स्मारक भी जाएंगे और उन बहादुर भारतीय सैनिकों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे, जिन्होंने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।

## पाक समर्थित आतंकी संगठनों पर NIA की बड़ी कार्रवाई, जम्मू-कश्मीर में 9 जगहों पर रेड




नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी शाखाओं से जुड़े एक आतंकवादी साजिश मामले में सोमवार को जम्मू-कश्मीर में नौ स्थानों पर छापे मारे। एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम), अल-बद्र और अल-कायदा जैसे नवगठित शाखाओं और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सहयोगियों से जुड़े हाइब्रिड आतंकवादियों तथा ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के परिसरों पर छापे मारे गये। इस दौरान, बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा और दस्तावेजों वाले कई डिजिटल उपकरण बरामद किए गए।

एजेंसी ने कहा कि इन संगठनों से सहानुभूति रखने वालों और कैडरों के परिसरों की भी बड़े पैमाने पर तलाशी ली गई। एजेंसी की ओर से 21 जून, 2022 को स्वतः संज्ञान लेकर जम्मू में दर्ज किए गए मामले की जांच के तहत एनआईए की टीमों ने आज सुबह इन संपत्तियों पर कार्रवाई की और विस्तृत तलाशी ली। आतंकवादी संगठन और उनकी नवगठित शाखाएं बमों, आईईडी और छोटे हथियारों आदि का उपयोग करके जम्मू-कश्मीर में हिंसा फैलाना चाहते हैं। ये संगठन अपने पाकिस्तानी आकाओं के समर्थन से स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर और भूमिगत कार्यकर्ताओं को संगठित करके ऐसे आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं।

## बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट का है पाकिस्तान कनेक्शन? किस कर्नल को तलाश रहीं हैं एजेंसियां




नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले महीने बेंगलुरु कैफे में हुए विस्फोट में हुई दो संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद जांच एजेंसियां उनके ऑनलाइन हैंडलर की पहचान करने की कोशिश कर रही हैं। जिसे 'कर्नल' के नाम से जाना गया है। यह 'कर्नल' किसी व्यक्ति का नाम नहीं बल्कि कोड नेम है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि हैंडलर (कर्नल) का कनेक्शन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से हो सकता है। जांच अधिकारियों को संदेह है कि 'कर्नल' 2019-20 से कथित मुख्य योजनाकार अब्दुल मथीन ताहा और कथित हमलावर मुसाविर हुसैन शाजिब के संपर्क में था।

## लोकसभा चुनाव और गर्मी का सितम! लू के खतरों से बचने के लिए चुनाव आयोग ने की हाई लेवल मीटिंग



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के कुछ हिस्सों में बढ़ते तापमान और लू चलने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए चुनाव आयोग ने सोमवार को मौसम विभाग के अधिकारियों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक की।

इस बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू शामिल हुए। इसके अलावा भारतीय मौसम विभाग, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।

### *बैठक में क्या हुई चर्चा?*

लोकसभा चुनाव के दौरान लू से होने वाले खतरे को कम करने के उपायों पर चर्चा की गई। बता दें कि देश में सात चरणों वाले चुनाव के छह चरण अभी बाकी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मौसम विज्ञान महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि आईएमडी भारत के चुनाव आयोग के साथ लगातार संपर्क में है।

मौसमी पूर्वानुमानों के साथ-साथ, हम मासिक, सप्ताह-वार और दैनिक पूर्वानुमान कर रहे हैं और उन्हें गर्मी की लहरों और आर्द्रता के स्तर के बारे में पूर्वानुमान दे रहे हैं। हम ईसीआई को उन स्थानों के बारे में इनपुट और पूर्वानुमान प्रदान कर रहे हैं जहां विभिन्न चरणों में चुनाव होने वाले हैं।

### *इन राज्यों में रहेगा अधिकतम तापमान*

इससे पहले, 11 अप्रैल को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी गर्मी के मौसम की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की थी। प्रधानमंत्री को आगामी गर्म मौसम (अप्रैल से जून) के पूर्वानुमान सहित अप्रैल से जून 2024 की अवधि के लिए तापमान के बारे में जानकारी दी गई।

IMD के मुताबिक, देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान रहने की संभावना है। इसमें पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिकतम तापमान होने की संभावना है।

# ईरान-इजरायल, रूस-यूक्रेन जंग बाइडन के लिए कितना बड़ा संकट, कैसे हो सकता है चुनाव प्रभावित



नई दिल्ली (एजेंसी)। जब अमेरिकी विदेश नीति के बारे में बड़े सवाल चुनाव से टकराते हैं, तो यह एक मौजूदा राष्ट्रपति के लिए शायद ही अच्छी खबर होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के समक्ष भी कुछ मुद्दे आये, जैसे रूस का यूक्रेन पर आक्रमण। बाइडन से पहले उनके जैसे अन्य नेताओं के समक्ष भी कुछ मुद्दे आये थे, जैसे अफगानिस्तान से वापसी। इसके साथ ही गाजा के खिलाफ इजराइल की जवाबी कार्रवाई और ईरान की भूमिका भी कुछ अन्य मुद्दे हैं।

इन परस्पर संकट के परिमाण और इस तथ्य को देखते हुए कि ये चुनाव प्रचार के दौरान सामने आये हैं, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि बाइडन की विदेश नीति गहन संवीक्षा के अधीन है। तो इस प्रशासन की विदेश नीति नवंबर में मतदाताओं के निर्णय को कैसे प्रभावित कर सकती है?

कई विश्लेषक बाइडन की विदेश नीति की परेशानियों की शुरुआत को अफ़गानिस्तान से अमेरिकी की ÷असफल÷ वापसी के रूप में वर्णित करते हैं। कुछ राजनीतिक पंडितों के अनुमान के अनुसार अकेले अफगानिस्तान के मुद्दे में चुनावी प्रभाव डालने की संभावना नहीं थी। जरूरी नहीं कि अन्य वैश्विक संकटों के मामले में भी ऐसा ही हो, जो अब बाइडन प्रशासन को जकड़े हुए हैं - खासकर गाजा के प्रति इसकी प्रतिक्रिया।

मतदाता की मंशा का अनुमान लगाना अत्यंत कठिन है, विशेषकर ऐसे जब चुनाव का दिन अभी दूर है। हालांकि चुनावों में मतदाताओं के इरादे पर अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के प्रभाव के इतिहास पर एक नज़र डालने से हमें यह समझने में मदद मिल सकती है कि अमेरिकी, दुनिया में अपनी भूमिका के बारे में कैसे सोचते हैं और इस बार उनके नेता की पसंद पर क्या प्रभाव पड़ सकता है।

# दो मुस्लिम दुश्मन देश बढ़ा रहे थे दोस्ती का हाथ, तभी US ने कर दी बड़ी स्ट्राइक; मुश्किल में क्यों चीन-पाकिस्तान

नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल से टकराव और तनातनी की चरम स्थिति के बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तीन दिनों के पाकिस्तान दौरे पर आज इस्लामाबाद पहुंचे हैं, जहां पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

दोनों देशों ने इस दौरान आपसी व्यापार और संचार बढ़ाने का फैसला लिया और आतंकवाद के खात्मे के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। ये प्रगति तब हुई है, जब हाल ही में दोनों देश आतंकी हमलों के खिलाफ एक-दूसरे पर कार्रवाई कर चुके हैं



लेकिन पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए आम चुनावों के बाद दोनों देशों ने रिश्ते सुधारने का फैसला किया।

इस बीच, अमेरिका ने इन दोनों देशों को दुश्मन से दोस्त बनता देख पाकिस्तान पर बड़ी कार्रवाई की है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने पाकिस्तान में बैलेस्टिक मिसाइल के निर्माण के लिए सामान उपलब्ध कराने वाली चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि उनका देश वैसी चार कंपनियों पर बैन लगा रहा है जो बड़े पैमाने पर तबाही फैलाने वाले हथियारों के निर्माण और उनके प्रसार में शामिल रहे हैं।

इन कंपनियों में चीन की जियांग लॉन्ग टेक्नोलॉजी डेवपमेंट कंपनी लिमिटेड, तियानजिंग क्रिएटिव इंटरनेशनल ट्रेड कंपनी लिमिटेड और ग्रीनपैक्ट कंपनी लिमिटेड है। इनके अलावा बेलारूस की कंपनी मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट पर भी अमेरिका ने प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी सरकार के बयान के मुताबिक इन चारों कंपनियों द्वारा सप्लाई किए गए सामानों से पाकिस्तान में बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम में मदद मिली है।

## मालदीव के संसदीय चुनाव में मुइज्जू की पार्टी को प्रचंड बहुमत



माले। मालदीव में रविवार को हुए संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने प्रचंड बहुमत हासिल किया है। सत्तारूढ़ पार्टी ने संसद की 93 सीटों में से 67 सीटें जीत ली हैं। वोटों की गिनती अभी जारी है। बीजिंग समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# मेडिकल चेकअप के लिए चीन जाएंगे पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ



इस्लामाबाद। तीन बार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सोमवार को चीन की पांच दिवसीय निजी यात्रा पर जाएंगे। यहां वह अपना मेडिकल चेकअप कराएंगे। ब्रिटेन में चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान लौटने के बाद 74 वर्षीय शरीफ की यह पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा होगी।

जियो न्यूज ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो के साथ उनकी निजी यात्रा पर विदेश मंत्री इशाक डार भी होंगे। पार्टी सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि शरीफ की यात्रा निजी है और यात्रा के दौरान उनका मेडिकल चेकअप होगा।

सूत्रों ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री पंजाब प्रांत के विकास कार्यों से संबंधित बैठकें भी करेंगे और चीनी कंपनियों के मालिकों से भी मुलाकात करेंगे।

पिछले साल लंदन से लौटे थे शरीफ पीएमएल-एन नेता को नवंबर 2019 में एक उच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य आधार पर विदेश जाने की अनुमति दी थी, क्योंकि उनकी मेडिकल रिपोर्ट से पता चला था कि उन्हें तत्काल उपचार की आवश्यकता है। वह चार साल के आत्म-निर्वासन में रहने के बाद पिछले साल अक्टूबर में लंदन से पाकिस्तान लौटे थे।

# सात अक्टूबर को हुए हमास हमले को नहीं रोक पाया था इजरायल, सैन्य खुफिया प्रमुख ने विफलताओं की जिम्मेदारी ले पद से दिया इस्तीफा



अवीव। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है। इजरायल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा, हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजरायली अधिकारी हैं। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने इजरायल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी।

### *अक्टूबर में ही आरोप को किया था स्वीकार*

युद्ध के कुछ ही समय बाद, हलीवा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि सरकार और सेना को खुफिया चेतावनियां और दैनिक अलर्ट प्रदान करने के लिए जिम्मेदार सैन्य विभाग के प्रमुख के रूप में हमले को न रोक पाने का दोष उन पर है और वह इस आरोप को स्वीकार करते हैं।

### *इस हमले के बाद ही युद्ध की हुई शुरुआत*

आपको बता दें कि सात अक्टूबर को हमास के आतंकियों की तरफ से किए गए हमले में करीब 1200 लोगों की मौत हो गई थी 200 से ज्यादा नागरिकों को बंधक बना लिया गया था। हमास के इस हमले के बाद ही से इजरायल द्वारा गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध की शुरुआत कर दी, जो अब अपने सातवें महीने में है।

# बाल्टीमोर बंदरगाह तक आने-जाने के लिए खोला गया तीसरा अस्थायी चैनल



बाल्टीमोर। बाल्टीमोर बंदरगाह तक नौकाओं के आने और जाने के लिए एक तीसरा अस्थायी चैनल खोला गया है। फ्रांसिस स्काट ब्रिज का एक हिस्सा ढह जाने से बंदरगाह तक पहुंच में अवरोध उत्पन्न हो गया था। ब्रिज के ढह गए भागों को पुनर्निर्माण से पहले बचाने का प्रयास जारी है।

बंदरगाह अधिकारियों ने शुक्रवार देर रात घोषणा की कि ढह गए ब्रिज के उत्तर-पूर्व में स्थित वैकल्पिक चैनल व्यावसायिक रूप से आवश्यक जहाजों के लिए खोला गया है। नया अस्थायी मार्ग 20 फीट गहराई के साथ बड़ी संख्या में जहाजों को बंदरगाह तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करता है।

तटरक्षक बल और बंदरगाह कैप्टन ओ कोन्नल ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा है कि क्रू मुख्य चैनल को फिर से खोलने में जुटे हैं। मालवाहक जहाज के टकराने से 26 मार्च को ब्रिज ढह गया और उसके बाद आवाजाही बाधित हो गई थी। आवाजाही के लिए पहला अस्थायी चैनल एक अप्रैल को खोला गया।

# ईरान पर इजरायल के मिसाइल हमले से कितना हुआ नुकसान? देखें- सैटेलाइट तस्वीरें

नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल और ईरान के बीच जंग के आसार लगातार बने हुए हैं। पिछले हफ्ते ईरान के इस्फ़हान प्रांत पर इजरायल ने ही ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। इजरायल ने ईरान के उस क्षेत्र को निशाना बनाया, जहां उसका न्यूक्लियर प्लांट और वायु रक्षा प्रणालियां हैं। ईरान पर हमले की सैटेलाइट तस्वीरें आई हैं जो तबाही के निशान बयां कर रही है। तस्वीरों में ईरान के एस-300 एयर डिफेंस सिस्टम के क्षतिग्रस्त होने के सबूत मिले हैं। इस हमले की जिम्मेदारी न ही इजरायल लेने को तैयार है और न ही ईरान मान रहा है कि उस पर हमला हुआ है।



दोनों देशों के बीच जंग कथित तौर पर इजरायल ने 1 अप्रैल को तब शुरू किया जब उसने सीरिया में ईरानी दूतावास पर हवाई हमला करके उसके टॉप कमांडर समेत 13 की हत्या कर दी। अमेरिकी समाचार एजेंसियों का कहना है कि इजरायल ने हमले किए हैं लेकिन, वह न तो हमले की जिम्मेदारी ले रहा है और न ही हमले से इनकार कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि ये विस्फोट ईरान द्वारा इजरायली क्षेत्र में 300 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन हमले के जवाब में किया गया है। महज दो हफ्ते में इजरायल और ईरान के बीच तनाव इतना गहरा गया है कि जंग कभी भी शुरू होने की आशंका है।

न्यूयॉर्क टाइम्स और बीबीसी ने ईरान के उस क्षेत्र की सैटेलाइट तस्वीरों से दावा किया है कि जहां ड्रोन और मिसाइल छोड़ी गई उसके पास ही ईरान की न्यूक्लियर साइट है।

सैटेलाइट में 15 और 19 अप्रैल की दो तस्वीरों का विश्लेषण किया गया है। 15 अप्रैल तो जगह सामान्य है लेकिन, 19 अप्रैल को ईरानी के एक S-300 एंटीएयरक्राफ्ट सिस्टम पर हमला देखा जा सकता है।

# यूपी में घूम रहे हैं आशीष मिश्रा तो ये बेल की शर्तों का उल्लंघन, लखीमपुर खीरी मामले के आरोपी को SC से लगी फटकार



नई दिल्ली। लखीमपुर खीरी में हुए विवाद मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा अंतरिम जमानत पर हैं। हालांकि, उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तों पर जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा को लेकर तीखी टिप्पणी की है। दरअसल, न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष पीड़ितों पेश वकील प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि मिश्रा राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे थे और एक कार्यक्रम में ट्राई साइकिल बांट रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रशांत भूषण की बात पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यदि आशीष मिश्रा यूपी में आकर आयोजन में हिस्सा ले रहा हैं तो वो उसे मिली अंतरिम बेल की शर्तों का खुला उल्लंघन है।

आशीष मिश्रा के वकील ने दी ये दलील

प्रशांत भूषण ने आगे कहा, मी लॉड बेल की शर्तों में लिखा गया है कि वो सिर्फ ट्रायल के लिए ही यूपी आ सकता है। लेकिन वो आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं। उसने यूपी में रिक्शे बांटे हैं।÷ दूसरी ओर आशीष मिश्रा का पक्ष रख रहे वकील सिद्धार्थ देव ने इन दलीलों को खारिज कर दिया है। सिद्धार्थ देव ने कहा ऐसा कुछ नहीं है। हम मूर्ख नहीं है कि इस तरह का उल्लंघन नहीं करेंगे। मैं वीडियो पर यकीन नहीं कर सकता।

## अब CAA पर भारत को ज्ञान दे रहा अमेरिका, रिपोर्ट में कहा- संविधान का हो सकता है उल्लंघन




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका संसद की एक स्वतंत्र शोध इकाई द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि भारत में इस वर्ष लागू किए गए नागरिकता संशोधन अधिनियम के प्रावधानों से भारतीय संविधान के कुछ अनुच्छेदों का उल्लंघन हो सकता है। भारत के 1955 के नागरिकता अधिनियम में संशोधन कर इस साल मार्च में CAA को लागू किया गया है।

कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की इन फोकस रिपोर्ट में दावा किया गया कि CAA के प्रमुख प्रावधानों से भारतीय संविधान के कुछ अनुच्छेदों का उल्लंघन हो सकता है। CAA के तहत, 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता मिलेगी। भारत सरकार और CAA के अन्य समर्थकों ने दावा किया है कि इसका उद्देश्य पूरी तरह से मानवीय है।

भारत सरकार ने CAA के खिलाफ की गई आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि इसे वोट-बैंक की राजनीति का नाम नहीं देना चाहिए जबकि ये संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए एक प्रशंसनीय पहल है।

# इसरो चीफ ने सौर मिशन आदित्य L-1 पर दी बड़ी खुशखबरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन प्रमुख एस. सोमनाथ ने देश के सौर मिशन को लेकर खुशखबरी दी है। उन्होंने रविवार को कहा कि देश की प्रमुख अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी का आदित्य-रु लगातार सूर्य के बारे में डेटा भेज रहा है। सोमनाथ को आभूषण कंपनी पीसी चंद्रा ग्रुप की ओर से विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि अंतरिक्ष यान के कई उपकरण कई पहलुओं पर डेटा फीड करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम सूर्य को निरंतर तरीके से देख रहे हैं, जिसमें पराबैंगनी चुंबकीय चार्ज गणना, कोरोना ग्राफ अवलोकन, एक्स-रे अवलोकन और अन्य चीजें शामिल हैं।

भारत का पहला सौर मिशन यान आदित्य-एल (1) 2 सितंबर, 2023 को लॉन्च किया गया था। सोमनाथ ने कहा, 'हम इस उपग्रह को 5 साल के लिए रख रहे हैं और प्राप्त गणनाओं का विश्लेषण दीर्घकालिक उपाय के रूप में किया जाएगा। यह आपकी ब्रेकिंग न्यूज की तरह नहीं है कि आज सूर्य के बारे में कुछ बताया गया है, कल कुछ और होगा, चीजें हर दिन बदल रही होंगी।' उन्होंने कहा कि सभी गणनाएं अभी होंगी लेकिन नतीजे बाद में पता चलेंगे।

# मणिपुर के बाद अब इस राज्य में दोबारा होगा मतदान, हिंसा और EVM छीनने की खबरों के बीच फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने मणिपुर के बाद अब अरुणाचल प्रदेश में फिर से मतदान कराने का फैसला लिया है। ईसी ने अरुणाचल के 8 मतदान केंद्रों पर फिर से वोटिंग कराने का आदेश दिया। यहां 19 अप्रैल को एकसाथ कराए लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान श्रुङ्करू में गड़बड़ी और हिंसा होने की जानकारी सामने आई थी। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी लिकेन कोयु ने कहा कि आयोग ने रविवार को एक आदेश में इन आठ मतदान केंद्रों पर मतदान को अमान्य घोषित कर दिया। साथ ही, 24 अप्रैल को सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक नए सिरे से मतदान कराने का आदेश दिया।

अरुणाचल प्रदेश के जिन मतदान केंद्रों में फिर मतदान कराया जाएगा उनमें ईस्ट कामेंग जिला भी आता है। यहां के बामेंग विधानसभा क्षेत्र में सारियो, कुरुंग कुमे में नयापिन विधानसभा सीट के तहत आने वाला लोंगते लोथ, अपर सुबनसिरी जिले में नाचो निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाले डिंगसर, बोगिया सियुम, जिम्बरी और लेंगी मतदान बूथ शामिल हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, सियांग जिले में रुमगोंग विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले बोग्ने और मोलोम मतदान बूथ पर भी फिर से वोट डाले जाएंगे।

बता दें कि अरुणाचल प्रदेश में शुक्रवार को राज्य विधानसभा की 50 सीट के लिए मतदान हुआ था। इसमें 8.92 लाख मतदाताओं में से 65.79 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ जिलों से छिटपुट हिंसा और ईवीएम छीनने की कोशिश की खबरें मिलीं जिनमें 42 लोग घायल हुए। पूर्वोत्तर राज्य की 2 लोकसभा सीट पर मतदान प्रतिशत थोड़ा अधिक यानी 67.13 प्रतिशत रहा। लोकसभा और विधानसभा चुनावों के मतदान प्रतिशत में अंतर की वजह 10 विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवारों के निर्विरोध चुने जाने और वहां मतदान नहीं कराए जाने की वजह से है। 2019 में भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे और तब राज्य में 83.33 प्रतिशत मतदान हुआ था।

# पुर्तगाली नागरिकता वाले गोवावासियों को राहत, ओसीआई के लिए कर सकेंगे आवेदन



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में पूर्ववर्ती पुर्तगाली क्षेत्रों (गोवा और दमन और दीव) के उन लोगों को भारत सरकार ने राहत दी है जिनके भारतीय पासपोर्ट पुर्तगाली नागरिकता लेने के बाद रद्द कर दिए गए थे। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट अधिकारियों निर्देश दिया है कि उन लोगों को निरसन आदेश जारी करें जिनके भारतीय पासपोर्ट रद्द किए गए हैं।

यह निर्णय उन कई लोगों को राहत दे सकता है जो नियमों के अनुसार ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया (ओसीआई) के लिए आवेदन करने के अयोग्य हो गए थे। ओसीआई कार्ड भारत सरकार द्वारा भारतवंशी लोगों को जारी किया जाता है जो विदेशी नागरिक हैं। ओसीआई भारतवंशी विदेशी नागरिकों को अनिश्चित काल तक भारत में रहने और काम करने का अधिकार देता है।

अनिवार्य रूप से निरसन आदेश जारी करने की सलाह- विदेश मंत्रालय के चार अप्रैल के ज्ञापन में कहा गया है, गृह मंत्रालय ने भारत में पूर्ववर्ती पुर्तगाली क्षेत्रों के उन लोगों के मामले में सरेंडर सर्टिफिकेट के बदले निरसन प्रमाणपत्र को वैकल्पिक दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने का निर्णय लिया है जिन्होंने पुर्तगाली नागरिकता ले ली है। ऐसे सभी मामलों में अनिवार्य रूप से निरसन आदेश जारी करने की सलाह दी जाती है।

इस फैसले के बाद गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हजारों गोवा नागरिकों को राहत देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को एक्स पर पोस्ट कर धन्यवाद दिया।

पुर्तगाली कानून के तहत 19 दिसंबर 1961 से पहले गोवा में पैदा हुए व्यक्तियों और उसके बाद की दो पीढ़ियों के पास पुर्तगाली नागरिक के रूप में पंजीकरण करने का विकल्प है। पुर्तगाली पासपोर्ट के साथ यूरोपीय संघ, ब्रिटेन में वीजा-मुक्त प्रवेश मिलता है। इस कारण कई गोवावासियों ने विदेश में बेहतर रोजगार और शिक्षा की संभावनाओं के लिए इस अवसर का लाभ उठाया है।

# चीन और पाकिस्तान की खैर नहीं! कंधे पर रखकर दागे जाने वाली मिसाइलों पर चल रहा काम



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर हवाई खतरों से निपटने के लिए भारतीय सेना बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडी) स्वदेशी रूप से विकसित करने के लिए 6,800 करोड़ रुपये से अधिक की दो योजनाओं पर काम कर रही है। सेना की स्वदेशी माध्यम से 500 से अधिक लॉन्चर और लगभग 3,000 मिसाइलें विकसित करने व खरीदने की योजना है।

इसके साथ ही सेना पूर्व में रद्द एक टेंडर की संभावना पर भी विचार कर रही है जिसमें पुरानी इग्ला-1 एम मिसाइलों का रिप्लेसमेंट तलाशने में देरी के मद्देनजर रूसी इग्ला-एस का चयन किया गया था। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना में वर्तमान वीएसएचओआरएडी मिसाइलें इंफ्रारेड होमिंग गाइडेंस सिस्टम वाली हैं और इग्ला-1एम वीएसएचओआरएडी मिसाइल प्रणाली को 1989 में शामिल किया गया था और 2013 में इसे पुन- शामिल करने की योजना बनाई गई थी।

लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों से सुरक्षा में होगा इस्तेमाल- सैन्य अधिकारियों ने बताया, वर्तमान में 4,800 करोड़ रुपये की एक परियोजना है जिसमें हैदराबाद मुख्यालय वाली सार्वजनिक क्षेत्र की एक इकाई और निजी क्षेत्र की पुणे स्थित एक कंपनी को लेजर बीम पर आधारित वीएसएचओआरएडी विकसित करने में लगाया गया है जिसका प्रयोग सीमाओं की दुश्मन के ड्रोन, लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों से सुरक्षा करने में किया जाएगा।

परियोजना में होंगे 200 लॉन्चर और 1,200 मिसाइलें विकसित- उन्होंने कहा कि यह परियोजना भारतीय सेना एवं वायुसेना को आपूर्ति के लिए 200 लॉन्चर और 1,200 मिसाइलें विकसित करने के लिए होगी। इस परियोजना का नेतृत्व भारतीय सेना के पास है जो इन मिसाइलों की सबसे बड़ी उपयोगकर्ता है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत  कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 पौष कृष्ण पूर्णिमा

## संपादकीय

# देश में 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले सात चरणों का मतदान हुए शुरू....



देश में 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले सात चरणों का मतदान हुए शुरू हो शुक्रवार को पहले चरण की वोटिंग के लिए सारी तैयारियां हो चुकीं । लेकिन दिलचस्प है कि मतदान से ठीक पहले तक सुप्रीम कोर्ट में चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता से जुड़े मामले पर सुनवाई होती रही। मसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में डाले गए वोटों के वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों से मिलान का है। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### पुराना मसला

निश्चित रूप से मुद्दा अहम है और पुराना भी। श्वङ्करू के जरिए वोटिंग की शुरुआत 2004 के लोकसभा चुनावों में हुई थी। तब से सरकारें बदलती रहीं, लेकिन EVM की गड़बड़ियों के आरोप लगते रहे। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी कि बैलट पेपर की ओर वापसी का विकल्प नहीं है। लेकिन उसने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और उसकी विश्वसनीयता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता।

EVM की विश्वसनीयता के सवाल से जूझते हुए ही 2013 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से VVPAT लाया गया। इससे मतदाताओं को यह देखने का मौका मिलता है कि उनका वोट उसी को गया है जिसे वह देना चाहते थे। इसने निश्चित रूप से EVM की विश्वसनीयता बढ़ाने वाले एक टूल के रूप में अपनी जगह बनाई है, लेकिन विवाद का कोई सर्वमान्य हल उसके बाद भी नहीं निकल सका।

### दायरा बढ़ाया

2019 के लोकसभा चुनावों से पहले यह मामला एक बार फिर जोरदार ढंग से उठा। तब सुप्रीम कोर्ट में पिटिशन के जरिए मांग की गई कि हर लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी VVPAT पर्चियों का मिलान किया जाए। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट का कहना था कि अगर बिना किसी तय आधार के यूं ही चुन लिए गए 479 EVM का VVPAT से मिलान किया जाता है तो 99 फीसदी सटीक नतीजे आ सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि वह इससे आठ गुना ज्यादा EVM लेता है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने VVPAT मिलान का दायरा पांच गुना और बढ़ाने को कहा।

### वक्त कोई मसला नहीं

बावजूद इसके, मामला अभी भी फंसा हुआ है। अभी हर विधानसभा क्षेत्र से 5 EVM की VVPAT पर्चियां मिलान के लिए ली जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हर वोट के मिलान की मांग की गई है। दिक्कत यह है कि VVPAT की पर्चियों के मिलान में वक्त लगता है। लेकिन सवाल चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता का हो तो वक्त कोई मसला नहीं होना चाहिए। यूं भी 2004 में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया तीन सप्ताह में पूरी हुई थी। इस बार उसके लिए छह सप्ताह का वक्त लिया जा रहा है। जब वोटिंग में इतना समय लिया गया तो थोड़ा वक्त काउंटिंग में भी लगने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। बेहतर होगा चुनाव आयोग अपनी तरफ से VVPAT मिलान का दायरा बढ़ाने पर विचार करे।

# हनुमान जयंती

हनुमान जन्मोत्सव एक हिंदू त्योहार है जो हिंदू देवता और रामायण के नायकों में से एक हनुमान के जन्म का जश्न मनाता है । हनुमान जयंती का उत्सव भारत के प्रत्येक राज्य में समय और परंपरा के अनुसार अलग-अलग होता है। भारत के अधिकांश उत्तरी राज्यों में, यह त्यौहार हिंदू महीने चैत्र (चैत्र पूर्णिमा) की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। कर्नाटक में , हनुमान जयंती मार्गशीर्ष माह के दौरान या वैशाख माह में शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को मनाई जाती है, जबकि केरल और तमिलनाडु जैसे कुछ राज्यों में , यह धनु माह ( तमिल में मार्गाली कहा जाता है) के दौरान मनाई जाती है। ). हनुमान जयंती पूर्वी राज्य ओडिशा में पना संक्रांति पर मनाई जाती है , जो उड़िया नव वर्ष के साथ मेल खाती है।

हनुमान को विष्णु के अवतार राम का प्रबल भक्त माना जाता है , जो अपनी अटूट भक्ति के लिए व्यापक रूप से जाने जाते हैं। उन्हें शक्ति के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। हनुमान जन्मोत्सव हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस बार हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को मनाया जाएगा.

### श्री हनुमान चालीसा के लाभ

मन को शांति और सुखद वातावरण मिलता है।

भक्त की मनोदशा बेहतर होती है और उसे सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

डर और भय से मुक्ति मिलती है और व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है।

श्री हनुमानजी की कृपा से आपके जीवन में धन और समृद्धि बढ़ती है।

इस चालीसा का पाठ करने से रोगों से मुक्ति मिलती है और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है।

### श्री हनुमान चालीसा की महत्वपूर्ण पंक्तियाँ

श्री गुरु चरण सरोज रज, निज मनु मुकुरु सुधारि।

बरनौं रघुवर बिमल जसु, जो दिखु फल चारि।।

बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार।

बल बुद्धि बिद्या देहु कल मोहिं, हरहुसे बिकार।।

### जन्म

हनुमान एक वानर हैं , जिनका जन्म केसरी और अंजना से हुआ था । हनुमान को पवन-देवता वायु के दिव्य पुत्र के रूप में भी जाना जाता है । उनकी माता अंजना एक अप्सरा थीं जो एक श्राप के कारण पृथ्वी पर पैदा हुई थीं। पुत्र को जन्म देने पर उन्हें इस श्राप से मुक्ति मिल गई। वाल्मिकी रामायण में कहा गया है कि उनके पिता, केसरी, बृहस्पति के पुत्र थे , जो सुमेरु नामक क्षेत्र के राजा थे, जो वर्तमान कर्नाटक के विजयनगर जिले में हम्पी के पास किष्किंधा राज्य के पास स्थित था । कहा जाता है कि अंजना ने संतान प्राप्ति के लिए शिव से बारह वर्षों तक गहन प्रार्थना की थी । उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर, शिव ने उन्हें उनका मनचाहा पुत्र प्रदान किया।

एकनाथ की भावार्थ रामायण में कहा गया है कि जब अंजना रुद्र की पूजा कर रही थीं, तब अयोध्या के राजा दशरथ भी संतान प्राप्ति के लिए ऋषि ऋषिश्रृंग के मार्गदर्शन में पुत्रकामेष्टि का अनुष्ठान कर रहे थे। परिणामस्वरूप, उन्हें अपनी तीन पत्नियों द्वारा साझा करने के लिए कुछ पायसम (भारतीय हलवा) प्राप्त हुआ, जिससे राम , लक्ष्मण , भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ । दैवीय विधान से, जंगल के ऊपर उड़ते समय एक पतंग (पक्षी) ने उस खीर का एक टुकड़ा छीन लिया और उसे गिरा दिया, जहां अंजना पूजा में लगी हुई थी। वायु ने गिरती हुई खीर अंजना के फैले हुए हाथों तक पहुँचा दी, और अंजना ने उसे खा लिया। परिणामस्वरूप उनसे हनुमान का जन्म हुआ।



### पूजा

हनुमान को बुराई पर विजय पाने और सुरक्षा प्रदान करने की क्षमता वाले देवता के रूप में पूजा जाता है। इस त्योहार पर हनुमान के भक्त उन्हें मनाते हैं और उनसे सुरक्षा और आशीर्वाद मांगते हैं। वे उनकी पूजा करने और धार्मिक प्रसाद चढ़ाने के लिए मंदिरों में शामिल होते हैं। बदले में, भक्तों को प्रसाद मिलता है । जो लोग उनका आदर करते हैं वे हनुमान चालीसा और रामायण जैसे हिंदू ग्रंथों को पढ़ते हैं। भक्त मंदिरों में जाते हैं और हनुमान की मूर्ति से सिन्दूर अपने माथे पर लगाते हैं । पौराणिक कथा के अनुसार, जब हनुमान ने सीता को अपने माथे पर सिन्दूर लगाते हुए पाया, तो उन्होंने इस प्रथा के बारे में पूछताछ की। उन्होंने उत्तर दिया कि ऐसा करने से उनके पति राम की लंबी आयु सुनिश्चित होगी। इसके बाद हनुमान ने अपने पूरे शरीर पर सिन्दूर लगा लिया, जिससे राम की अमरता सुनिश्चित हो गई।

### दक्षिणी भारत

तमिलनाडु और केरल में , हनुमान जयंती मार्गली ( धनु ) महीने में अमावस्या के दिन मनाई जाती है। इन राज्यों के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जैसे नंगनल्लूर, नमक्कल, सुचिन्द्रम, त्रिक्कावियूर और अलाथियूर इस दिन को धूमधाम से मनाते हैं।

तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में , हनुमान जयंती 41 दिनों तक मनाई जाती है, जो चैत्र पूर्णिमा से शुरू होती है और वैशाख में कृष्ण पक्ष के दौरान दसवें दिन समाप्त होती है।

### महाराष्ट्र

महाराष्ट्र में , हनुमान जयंती हिंदू चंद्र माह चैत्र की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। हनुमान जयंती की एक विशेष विशेषता यह है कि कुछ धार्मिक पंचांगों के अनुसार हनुमान का जन्मदिन अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को पड़ता है , जबकि अन्य के अनुसार यह पूर्णिमा के दिन पड़ता है। चैत्र का शुक्ल पक्ष. इस दिन हनुमान मंदिर में आध्यात्मिक प्रवचन भोर में शुरू होते हैं क्योंकि माना जाता है कि हनुमान का जन्म सूर्योदय के दौरान हुआ था। जन्म के समय, आध्यात्मिक प्रवचन रोक दिए जाते हैं और सभी को भोजन (प्रसादम) वितरित किया जाता है। इस दिन क्षेत्र के अधिकांश हिंदू मंदिरों में आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाता है।

### ओडिशा

ओडिशा में पना संक्रांति को भगवान हनुमान का जन्मदिन माना जाता है। मंदिरों में भीड़ रहती है और लोग पूरे दिन हनुमान चालीसा का जाप करते हैं। इस दिन सुंदरकांड का पाठ करना भी पुण्यदायी बताया गया है।

# 5 के शेयर पर फिदा हैं विदेशी निवेशक, खरीद डाले 7 करोड़ से अधिक शेयर, निवेशक मालमाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। विकास लाइफकेयर लिमिटेड के शेयर सोमवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 4% तक चढ़कर 5.22 रुपये पर पहुंच गए। इस पेनी स्टॉक पर विदेशी निवेशक फिदा हैं और यही वजह है कि मार्च तिमाही में इसमें अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। बता दें कि जनवरी से मार्च 2024 तिमाही के लिए विकास लाइफकेयर लिमिटेड के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार, दिग्गज एफआईआई ने इस पेनी स्टॉक में हिस्सेदारी ली है। 31 मार्च 2024 तक, एफआईआई के पास विकास लाइफकेयर में 4.35 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। विकास लाइफकेयर में हिस्सेदारी खरीदने वाले एफआईआई में मॉरीशस स्थित एजी डायनेमिक्स फंड शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए विकास लाइफकेयर लिमिटेड के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार, एफआईआई के पास 7,17,48,542 विकास लाइफकेयर शेयर हैं, जो स्मॉल-कैप कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 4.35 प्रतिशत है। हालांकि, दिसंबर 2023 के शेयरहोल्डिंग पैटर्न में किसी भी स्नद्धद्ध को कंपनी में शेयरों का मालिक नहीं दिखाया गया था। इसका मतलब है कि एफआईआई ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के दौरान इस पेनी स्टॉक में हिस्सेदारी खरीदी है।

मार्च 2024 में विकास लाइफकेयर लिमिटेड में हिस्सेदारी रखने वाले एफआईआई में रेडियंट ग्लोबल फंड, एमिनेंस ग्लोबल फंड और एजी डायनेमिक्स शामिल हैं। रेडियंट ग्लोबल फंड के पास 2,86,29,500 विकास लाइफकेयर शेयर हैं, जो कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 1.73 प्रतिशत है। एमिनेंस ग्लोबल फंड के पास 2,07,40,500 विकास लाइफकेयर शेयर या स्मॉल-कैप कंपनी में 1.26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसी तरह, मॉरीशस स्थित एजी डायनेमिक्स फंड के पास कंपनी के 2,15,11,857 शेयर या 1.30 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

विकास लाइफकेयर लिमिटेड इन दिनों अपने एग्री-प्रोडक्ट डिपार्टमेंट के नाम पर 50 करोड़ का ऑर्डर मिलने को लेकर चर्चा में है।

## 1800 रुपये तक जा सकता है टाटा का यह शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप की कंपनी वोल्टॉस के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। वोल्टॉस के शेयर सोमवार को 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 1365 रुपये पर पहुंच गए हैं। ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस यूबीएस ने कंपनी के शेयरों की रेटिंग अपग्रेड की है और उसी के बाद यह तेज उछाल देखने को मिला है। यूबीएस ने वोल्टॉस के शेयर खरीदने को कहा है। ब्रोकरेज हाउस यूबीएस ने कंपनी के मजबूत ग्रोथ प्रॉस्पेक्ट्स को देखते हुए इसके शेयरों की रेटिंग अपग्रेड की है। ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस यूबीएस ने वोल्टॉस के शेयरों की रेटिंग को न्यूट्रल से अपग्रेड करके बाय की है। ब्रोकरेज हाउस ने वोल्टॉस के शेयरों के टारगेट प्राइस को भी दोगुना से ज्यादा बढ़ा दिया है। यूबीएस ने वोल्टॉस के शेयरों के लिए 1800 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। पहले, यूबीएस ने कंपनी के शेयरों के लिए 885 रुपये का टारगेट दिया था। करेंट शेयर प्राइस के मुकाबले वोल्टॉस के शेयरों में 38 पर्सेंट का उछाल आ सकता है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि कंपनी रूम एयर-कंडीशनर सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी में चौंकाएगी। टाटा ग्रुप की कंपनी वोल्टॉस के शेयरों में पिछले 6 महीने में 67 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 23 अक्टूबर 2023 को 818.50 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 22 अप्रैल 2024 को 1365 रुपये पर पहुंच गए हैं।

## 50 रुपये का शेयर पहले ही दिन 100 रुपये पर पहुंचा, 99% से ज्यादा का मुनाफा



नई दिल्ली (एजेंसी)। एक छोटी कंपनी ग्रीनहाइटेक वेंचर्स की शेयर बाजार में धमाकेदार शुरुआत हुई है। ग्रीनहाइटेक वेंचर्स के शेयर 90 पर्सेंट के फायदे के साथ 95 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में ग्रीनहाइटेक वेंचर्स के शेयर लोगों को 50 रुपये में मिले हैं। कंपनी का आईपीओ 12 अप्रैल 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था और यह 16 अप्रैल तक ओपन रहा। ग्रीनहाईटेक वेंचर्स के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 6.30 करोड़ रुपये का था।

शानदार लिस्टिंग के ठीक बाद ग्रीनहाइटेक वेंचर्स के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 99.75 रुपये पर पहुंच गए हैं। यानी, 50 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले कंपनी के शेयरों में पहले ही दिन 99.50 पर्सेंट का फायदा निवेशकों को हुआ है। ग्रीनहाइटेक वेंचर्स के शेयरों ने लिस्टिंग वाले दिन ही लोगों का पैसा डबल कर दिया है। कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 100 पर्सेंट थी, जो कि अब 73.19 पर्सेंट रह गई है। ग्रीनहाइटेक वेंचर्स की शुरुआत नवंबर 2011 में हुई थी। ग्रीनहाइटेक वेंचर्स का मेन ऑफिस वाराणसी के भेलूपुरा में जवाहर नगर कॉलोनी में है।

ग्रीनहाइटेक वेंचर्स के आईपीओ पर टोटल 769.95 गुना दांव लगा है। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 597.41 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं, अदर्स कैटेगरी में 921.60 गुना दांव लगा। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स सिर्फ 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ के 1 लॉट में 3000 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को 1.50 लाख रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा है। ग्रीनहाइटेक वेंचर्स, आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल रिक्वायरमेंट्स को पूरा करने और जनरल कॉरपोरेट एक्सपेसेंज में करेगी।

## प्रॉफिट में कंपनी, शेयर खरीदने की लूट, 385 पर आया भाव, मुकेश अंबानी की है कंपनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 4 फीसदी चढ़ गए और 385 रुपये के नए हाई पर पहुंच गए। यह इसका 52 वीक का नया हाई प्राइस भी है। शेयरों में इस तेजी के पीछे मार्च तिमाही के नतीजे है। दरअसल, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का नेट प्रॉफिट मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से अलग हुई इस वित्तीय सेवा कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था।

कंपनी की आय 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में मामूली बढ़कर 418 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 414 करोड़ रुपये थी। तीसरी तिमाही में इसका खर्च भी 99 करोड़ रुपये के मुकाबले मामूली बढ़कर 103 करोड़ रुपये हो गया। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी का एकीकृत शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2023-24 में कई गुना बढ़कर 1,605 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्तवर्ष में 31 करोड़ रुपये था।बता दें कि हाल ही में रिलायंस समूह की कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने संपत्ति प्रबंधन एवं ब्रोकिंग व्यवसाय स्थापित करने के लिए ब्लैकरॉक के साथ 50-50 साझेदारी वाले एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की थी।

## टैरिफ ऑर्डर ने दिया बड़ा झटका, 20% लुढ़क गए इस गैस कंपनी के शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। गैस ट्रांसमिशन इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लिमिटेड के शेयर सोमवार को बाजार में धड़ाम हो गए हैं। जीएसपीएल के शेयर 20 पर्सेंट की तेज गिरावट के साथ 302.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर शुक्रवार को 377.85 रुपये पर बंद हुए थे। जीएसपीएल के शेयरों में यह तेज गिरावट टैरिफ घटाए जाने के बाद आई है। दरअसल, पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड ने कंपनी के हाई-प्रेशर नेटवर्क के लिए टैरिफ 47 पर्सेंट घटा दिए हैं।

पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड ने 20 अप्रैल को गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लिमिटेड के एचपी गैस नेटवर्क के लिए टैरिफ ऑर्डर जारी किया है। टैरिफ को घटाकर अब 18.1 रुपये/ mmbtu कर दिया गया है, जो कि पहले 34 रुपये/mmbtu था। गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लिमिटेड ने टैरिफ बढ़ाकर 50.77 रुपये/mmbtu करने की मांग की थी। टैरिफ घटाने से जुड़े इस ऑर्डर की वजह से वित्त वर्ष 2025 में जीएसपीएल के अर्निंग्स पर शेयर में 30 से 40 पर्सेंट तक गिरावट आ सकती है।

गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लिमिटेड के शेयरों में पिछले एक साल में 16 पर्सेंट के करीब उछाल आया है। कंपनी के शेयर 24 अप्रैल 2023 को 264.30 रुपये पर थे। जीएसपीएल के शेयर 22 अप्रैल 2024 को 302.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयरों में 13 पर्सेंट की तेजी आई है। वहीं, पिछले एक महीने में जीएसपीएल के शेयरों में 13 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 407.30 रुपये है। वहीं, जीएसपीएल के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 254.75 रुपये है। ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने जीएसपीएल के शेयरों को डाउनग्रेड कर दिया है। नोमुरा ने कंपनी के शेयरों को रेड्यूस रेटिंग दी है और जीएसपीएल के शेयरों को 320 रुपये का टारगेट दिया है। ब्रोकरेज हाउस सिटी ने त्स्क्र के शेयरों को सेल रेटिंग दी है और कंपनी के शेयरों के लिए 295 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है।

## यस बैंक के शेयरों में 5% की उछाल, तेजी के पीछे ये 2 बड़ी वजहें




नई दिल्ली (एजेंसी)। यस बैंक के शेयरों में आज तेज उछाल देखने को मिली है। इस प्राइवेट सेक्टर के बैंक के शेयरों का भाव 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी के बाद बीएसई में 25.15 रुपये (दोपहर 3 बजे तक) के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए। बैंक के शेयरों की कीमतों में उछाल के पीछे दो बड़ी वजहे हैं।

यस बैंक के शेयरों में सोमवार को तेजी के पीछे की पहली वजह 284.21 करोड़ रुपये के टैक्स रिफंड मिलना है। वहीं, मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार दुबई की कर्ज देने वाली कंपनी अमीरात एनबीडी यस बैंक में हिस्सेदारी खरीदने को इच्छुक है। रिपोर्ट के अनुसार दुबई की कंपनी यस बैंक में मालिकाना हक के लिए बोली लगा सकती है। इन्हीं दोनों खबरों ने यस बैंक के शेयरों की कीमतों में तेजी लाई है। सोमवार को यस बैंक के शेयर बीएसई में उछाल के साथ 24.04 रुपये के लेवल पर खुले थे।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# आज सुनाए जायेंगे कक्षा 5वीं-8वीं बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के परिणाम



भोपाल। राज्य शिक्षा केंद्र मंगलवार 23 अप्रैल को कक्षा 5वीं और 8वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024 की घोषणा करेगा। ये परिणाम आधिकारिक वेबसाइट - rskmp.in पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे। छात्रों को परिणाम तक पहुंचने के लिए अपना रोल नंबर और अन्य लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करना आवश्यक है।

राज्य शिक्षा केंद्र मध्य प्रदेश (आरएसकेएमपी) कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए आधिकारिक एमपी बोर्ड परिणाम 2024 मंगलवार 23 अप्रैल को जारी करेगा। छात्र परिणाम की जांच करने और ऑनलाइन मार्कशीट डाउनलोड करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट - ह्म्ह्यद्मद्बश्च.द्बठ्ठ पर जा सकते हैं। उम्मीदवार अपने रोल नंबर और अन्य लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके अपना एमपी बोर्ड 5वीं 8वीं परिणाम 2024 देख सकते हैं। एमपी बोर्ड 5वीं और 8वीं परीक्षा 2024 6 मार्च से 14 मार्च 2024 तक आयोजित की गई थी। पिछले साल, एमपी बोर्ड 5वीं परीक्षा में 8.65 लाख से अधिक छात्र उपस्थित हुए थे और एमपी 8वीं परीक्षा 2023 में 7.70 लाख छात्र उपस्थित हुए थे।

# सरकार का ध्यान अब तेजी से बढ़ती गैर संक्रामक बीमारियों जैसे डायबिटीज, कैंसर, ब्लड प्रेशर आदि को रोकने पर है



भोपाल। सरकार का ध्यान अब तेजी से बढ़ती गैर संक्रामक बीमारियों जैसे डायबिटीज, कैंसर, ब्लड प्रेशर आदि को रोकने पर है। यही कारण है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में योग को महत्व दिया गया है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआइएसएम) को पत्र लिखकर इसे आयुर्वेद स्नातक के पाठ्यक्रम में अलग विषय के रूप में शामिल करने के लिए कहा है।

आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. राकेश पांडेय ने बताया कि एनसीआइएसएम के निर्देश के बाद सभी आयुर्वेद कालेजों में योग विषय के शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। उम्मीद है कि 2024-25 या 2025-26 से इसे अलग विषय के रूप में पढ़ाया जा सकता है। भोपाल के पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कालेज के प्राचार्य डा. उमेश शुक्ला के मुताबिक अभी योग को स्वस्थवृत्त विषय के अंतर्गत पढ़ाया जा रहा है।कालेजों में रोगियों को भी उनकी बीमारी के अनुसार योग क्रियाओं के बारे में बताया जाता है। योग पर शोध भी हो रहे हैं। हालांकि, अलग से विषय नहीं है। प्रदेश में दो और निजी आयुर्वेद कालेज खुलने के आसार - प्रदेश के सरकारी और निजी कालेजों की मान्यता के लिए एनसीआइएसएम की टीमों का निरीक्षण चल रहा है। अगले माह से मान्यता जारी होने लगेगी। प्रदेश में भोपाल और इंदौर में एक-एक निजी आयुर्वेद कालेजों को मान्यता मिलने की उम्मीद है। अभी सात सरकारी और 27 निजी आयुर्वेद कालेज हैं।

# पवनसुत का नाम लेने मात्र से प्राणी के सारे संकट दूर हो जाते हैं



ग्वालियर । रामभक्त व माता जानकी के दुलारे अंजनी नंदन की महिमा अपार है। पवनसुत का नाम लेने मात्र से प्राणी के सारे संकट दूर हो जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि अपने भक्त को संकट से मुक्त कराने के लिए वे प्रत्यक्ष आते हैं। हनुमान जी की कृपा मात्र से ग्रह-नक्षत्र भी अनुकूल हो जाते हैं। चैत्र मास की पूर्णिमा को पवनसुत की जयंती देशभर में मनाई जाएगी।नगर के प्रमुख हनुमान मंदिरों पर रामदुलारे हनुमानजी की कृपा पाने के लिए श्रद्धालु दर्शनों के लिए जाएंगे। वैसे तो नगर में कई प्रसिद्ध और प्राचीन हनुमान मंदिर हैं। इन मंदिरों से हनुमानजी की कृपा की एक नहीं कई किवदंतियां जुड़ी हैं। नगर से 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित घाटीगांव तहसील के धुआं गांव में प्राचीन हनुमान मंदिर है।

इस मंदिर की मान्यता है कि पवनपुत्र यहां साक्षात विराजमन हैं और भक्तों को दिन में तीन बार स्वरूप बदलकर दर्शन देते हैं। सुबह के समय हनुमान जी बालस्वरूप में नजर आते हैं, उनके मुख मंडल पर बालपन की चंचलता नजर आती है।दोपहर के समय युवावस्था जैसा तेज हनुमान जी के विग्रह से झलकता है और सांझ ढलते ही हनुमानजी के स्वरूप में गंभीरता यानि वृद्धावस्था जैसी झलक नजर आती है। हनुमान जयंती पर हजारों की संख्या में नगर से नहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हनुमान भक्त दर्शनों के लिए धुआं गांव आते हैं।

### बड़े तलाब से प्रकट हुई थी प्रतिमा

धुआं के हनुमानजी की प्रतिमा के संबंध ग्रामीण बताते हैं कि हनुमानजी की इस अद्भुत प्रतिमा का किसी मूर्तिकार ने निर्माण नहीं किया है। यह स्वंय भू-हनुमानजी का विग्रह है। ग्रामीण बताते हैं कि हनुमानजी की प्रतिमा बड़े तलाब से प्रकट हुई थी। प्रतिमा का अदुभुत तेज देखकर इस प्रतिमा को बड़े तालब के पास ही विराजित कर दिया।

### विग्रह में नसें भी नजर आती हैं

धुआं गांव में विराजित हनुमानजी का विग्रह अद्भुत है। गौर से देखने पर प्रतिमा में रक्तवाहिनी की नसें नजर आती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि इन नसों में रक्त प्रवाहित हो रहा हो। हनुमान मंदिर से एक और किवदंती जुड़ी है कि हनुमानजी के ऊपर टीन शेड डाला जा रहा था। मिस्त्रियों ने पत्थर की प्रतिमा समझकर बगैर सुरक्षित किये वेल्डिंग करना शुरु कर दी। वेल्डिंग से निकले शोले प्रतिमा पर जाकर गिरे, जिससे प्रतिमा पर जलने जैसे फफोले पड़ गये थे। यही कारण है कि हनुमान जी के विग्रह पर सिंदूर और चमेली का तेल अर्पित नहीं किया जाता है।

### मन्नत पूरी होने पर यहां सत्यनारायण की कथा करने की मान्यता

फूलबाग से किलागेट की तरफ जाते समय सेवानगर रोड पर दाएं तरफ एक रास्ता जाता है। यही रास्ता सीधा खेरापति हनुमान मंदिर पर पहुंचता है। दूसरा रास्ता गांधी नगर में पुलिस चौकी के पास हनुमान मंदिर की तरफ जाता है। इस मंदिर के दायें तरफ किले की तलहटी है।

खेरापति हनुमानजी के प्रति लोगों की काफी श्रद्धा थी। हनुमान जयंती के अलावा शनिवार व मंगलवार को खेरापति हनुमानजी के दर्शन करने के लिए आते थे। मन्नत पूरी होने पर यहां सत्यनारायण की कथा करने की मान्यता है। मंदिर लगभग साढ़े तीन सौ वर्ष प्राचीन बताया जाता है। यहां पहले जंगल हुआ करता था।

स्टेट टाइम में सेना (खेड़ा) डेरा डालती थी और इसी स्थान से युद्ध के लिए कूच करती थी और इसी स्थान पर वापस लौटती थी। जंगल में हनुमानजी विराजित थे। सेना के जवान हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर युद्ध के लिए जाते थे और विजय होकर इसी स्थान पर लौटते थे, इसलिए इस मंदिर का नाम खेरा के साथ खेड़ापति हो गया। ऐसी मान्यता है कि खेड़ापति हनुमान मंदिर में मन्नत मांगने की भी जरूरत नहीं पड़ती है। यहां दर्शन मात्र से सभी संकट दूर हो जाते हैं।

# विज्ञानियों के साथ मिलकर करेंगे शोध और अध्ययन

जबलपुर। सैंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ़ वेटेरीनरी मेडिसिन और नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के बीच आज एमओयू हुआ। इस मौके पर वाईस रेक्टर प्रो निकितिन, अंतरराष्ट्रीय हैड एवं वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर एसपी तिवारी मौजूद रहे। इस एमओयू के साइन होने के बाद सैंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ़ वेटेरीनरी मेडिसिन के सदस्य विश्वविद्यालय के शोध प्रोग्राम का निरीक्षण करेंगे।शोध और एक्सटेंशन के कार्य का विस्तार होगा

यह पहला मौका है जब नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के साथ सैंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ़ वेटेरीनरी मेडिसिन का एमओयू हस्ताक्षर हुए हैं। दोनों विश्वविद्यालय के बीच शोध और एक्सटेंशन के कार्य का विस्तार होगा। वहीं दोनों विश्वविद्यालय की छात्रा और प्रोफ़ेसर नेशनल यूथ एंड रिसर्च एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत एक दूसरे के विश्वविद्यालय में शोध कार्य करेंगे।भैंस को देख रोमांचित हुए वैज्ञानिक

वेटरनरी विश्वविद्यालय के फॉर्म का विकसित करने के दौरान रूस से आए वि?ज्ञानियों ने गाय और भैंस पर चल रहे अनुसंधान कार्य को भी देखा। भैंस पर चल रही रिसर्च और उसकी प्रजातियां का भी अध्ययन किया। इस दौरान वि?ज्ञानियों ने बताया कि रशिया में भैंस की प्रजाति नहीं पाई जाती जबकि भारत में दूध देने वाले पशुओं में यह सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने भैंस से जुड़े अनुसंधान कार्यों को भी विस्तार से देखा और कहा कि रसिया के बच्चे यहां आएंगे तो इस पर विशेष अध्ययन करेंगे।






## बुलावा अभियान के अंतर्गत पीले चावल देकर मतदाताओं को दिया जा रहा है मतदान का न्योता



इंदौर। इंदौर संभाग में लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनेक नवाचार किये जा रहे हैं। अनेक गतिविधिया भी लगातार चलाई जा रही है। इसी के तहत संभाग के खरगोन जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बुलावा अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के माध्यम से मतदाताओं को घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान के लिए न्योता दिया जा रहा है।

खरगोन कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा और स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्री आकाश सिंह के मार्गदर्शन में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुलावा अभियान प्रारंभ किया गया है। बुलावा अभियान के तहत रविवार को जिले के विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान करने का न्योता दिया गया। घर-घर न्योता देकर जिला प्रशासन की टीम द्वारा लोगों को लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान तिथि और समय बताया जा रहा है।

बुलावा अभियान के तहत मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करने की अपील की जा रही है और उन्हें मतदान करने का आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें अपने आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने कहा जा रहा है।

## अनंतेश्वर महादेव धाम में माँ अम्बे, श्री राम दरबार मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से




इंदौर। तुलसी नगर बी सेक्टर स्थित अनंतेश्वर महादेव धाम में नवनिर्मित माँ अम्बे एवं श्री राम दरबार मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले दिन आज मंडप प्रवेश, ग्रहों की स्थापना एवं जलाधिवास होगा। मंगलवार को पूजन स्थापित गृह, अन्नाधिवास, फलाधिवास एवं फुलाधिवास होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तीसरे दिन बुधवार 24 अप्रैल को प्रातः 8 बजे तुलसी नगर सरस्वती मंदिर प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो तुलसी नगर के विभिन्न सेक्टर्स होते हुए अनंतेश्वर महादेव धाम पर समाप्त होगी। इस शोभा यात्रा में तुलसी नगर एवं आसपास के कॉलोनियों की मातृ शक्तियां एवं श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

शोभायात्रा के पश्चात शिखर कलश एवं ध्वजारोहण होगा। तत्पश्चात विद्वान पंडितों की अगुवाई में वैदिक मंत्रों के बीच श्री राम दरबार परिवार एवं माँ अंबे की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन महा आरती से होगा। अपराह्न 6 बजे से भजन संध्या एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा, जिसमें निपानिया, पिपलिया कुमार क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

## शहर में सोमवार सुबह आसमान साफ़ रहा है और सूरज की किरणों ने हल्की गर्मी का एहसास

इंदौर। शहर में सोमवार सुबह आसमान साफ़ रहा है और सूरज की किरणों ने हल्की गर्मी का एहसास करवाया। रविवार शाम को बादल रहने के कारण रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिली। न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 24.6 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक़, सोमवार को शाम को भी बादल छाएंगे और गर्मी से राहत रहेगी। सोमवार सुबह 8.30 बजे दिन का पारा 28 डिग्री तक पहुंच चुका था। वहीं पश्चिमी उत्तर-पश्चिमी हवाएं 13 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चली। ग़ौरतलब है कि रविवार को शहर में गर्मी से हल्की राहत रही। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 37.1 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल स्थित मौसम केंद्र के मौसम विज्ञानियों के मुताबिक़, वर्तमान में उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है, वहीं ईरान के पास एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ बना है। इसके अलावा दक्षिणी तेलंगाना के पास दो अलग-अलग दिशाओं से आ रही हवाओं का मिलन हो रहा है। इसके असर से अभी इंदौर सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादल छाएंगे। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक़, आगामी दिनों में अधिकतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, वहीं शाम के समय बाद गर्मी से हल्की राहत रहेगी। आज का मौसम रविवार को गर्मी से राहत मिली।

## मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल होगा

इंदौर। लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल (दिखावटी मतदान) कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल में कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉक पोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल (दिखावटी मतदान) करायेंगे। मॉक पोल प्रारम्भ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित रहना चाहिये ।

यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित न हो, ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता है, और यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्त्ता नहीं आते हैं तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं। मॉक पोल में यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान कोष्ठ में सभी अभ्यर्थियों के लिए मत डाले गये हैं ।

निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉक पोल (दिखावटी मतदान) प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम की बैलेट यूनिट तथा व्हीव्हीपेट को मतदान प्रकोष्ठ में रखना होगा, जबकि ईव्हीएम की कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी अथवा उस मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा, जो बैलट यूनिट और व्हीव्हीपेट मशीन सही प्रकार से जोड़ने के बाद कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल करेगा। मॉक पोल में डाले गये मतों का अभिलेख पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को रखना होगा। मॉक पोल की व्हीव्हीपेट की पर्चियों को भी इनके पीछे के भाग में मॉक पोल पर्ची की रबर सील लगानी होगी और इन पर्चियों को मोटे काले कागज के लिफाफे में रखकर पीठासीन अधिकारी की सील से मुहरबन्द कर और हस्ताक्षर कर सुरक्षित रखना होगा।

## सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की अब तक 155 शिकायतें पहुंचीं

इंदौर। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए 16 मार्च से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से 'सी-विजिल एप' पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की अब तक 155 शिकायतें पहुंचीं। सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। कलेक्टर कार्यालय में शिकायतों को प्राप्त करने और उनके निराकरण के लिए प्रकोष्ठ भी स्थापित किया गया है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत यदि कोई व्यक्ति करना चाहते हैं, तो वे 'सी-विजिल एप' के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर 'सी-विजिल एप' डाउनलोड करना होगा। अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी फोटो या वीडियो की शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जा रही है। इस एप के जरिए व्यक्ति राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से लाने-ले जाने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री चस्पा करने, लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकते हैं।

# इंदौर जिले में आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक सी-विजिल एप पर उल्लंघन की मिली 155 शिकायतें

इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर विगत 16 मार्च से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

आचार संहिता के लागू होने के बाद से अब तक सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की 155 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के निर्देशन में शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए समुचित व्यवस्था की गई है।

कलेक्टर कार्यालय में शिकायतों को प्राप्त करने और उनके निराकरण हेतु प्रकोष्ठ भी स्थापित किया गया है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं।

इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा।

100 मिनट के अंदर की जाएगी कार्रवाई- नागरिक को आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए ÷सी-विजिल एप÷ तैयार किया गया है। इस एप के जरिए व्यक्ति राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से लाने-ले जाने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री चस्पा करने, लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकते हैं।

## हस्ताक्षर के पहले लगाई जायेगी मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही- अंगुली का निरीक्षण भी करेंगे मतदान अधिकारी

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक लोकसभा चुनाव में मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान मतदाता रजिस्टर पर उसके हस्ताक्षर करने के पहले लगाया जायेगा। ऐसा इसलिए किया जायेगा ताकि मत देने के बाद मतदाता के मतदान केन्द्र छोड़ने तक अमिट स्याही को सूखने और एक सुस्पष्ट अमिट चिन्ह बनने के लिए पर्याप्त समय मिल जाये। मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही नाखून से लेकर अंगुली के पहले पोर तक लगायी जायेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अमिट स्याही लगाने के पहले मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाता की बायीं तर्जनी का निरीक्षण भी किया जायेगा। यदि निरीक्षण में यह देखने में आता है कि किसी मतदाता ने अमिट स्याही के चिन्ह को प्रभावहीन करने के लिए अपनी अंगुली पर तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ लगा लिया है तो मतदान अधिकारी द्वारा उस मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही का चिन्ह लगाने के पहले किसी कपड़े के टुकड़े की सहायता से ऐसा तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ को हटा दिया जायेगा ।

आयोग के निर्देशों में मतदान अधिकारियों से स्पष्ट कहा गया है कि यदि कोई मतदाता निर्देशों के विपरीत अपनी बायीं तर्जनी का निरीक्षण करने या अमिट स्याही लगाने से इंकार करे या उसकी बायीं तर्जनी पर ऐसा कोई चिन्ह पहले से ही हो अथवा वह स्याही को हटाने की दृष्टि से कोई भी कृत्य करे तो उसे मत देने के लिए अनुमति नहीं दी जाये।

आयोग ने यह भी कहा है कि मतदाता को अपना मत रिकार्ड करने के लिए मतदान कक्ष में जाने की अनुमति देने के पहले नियंत्रण यूनिट के प्रभारी मतदान अधिकारी द्वारा भी उसकी अंगुली की दुबारा जांच की जानी चाहिए। यदि मतदाता ने स्याही को हटा दिया है या स्याही का चिन्ह अस्पष्ट है तो उसकी बायीं तर्जनी पर दुबारा अमिट स्याही का चिन्ह लगा दिया जाये।

आयोग के मुताबिक मतदान कर चुके मतदाता की पहचान के लिए अमिट स्याही का चिन्ह मतदाता की बायीं तर्जनी की अंगुली पर लगाया जायेगा। लेकिन यदि किसी मतदाता की बायीं तर्जनी न हो तो अमिट स्याही उसकी ऐसी किसी भी अंगुली में लगाई जायेगी जो उसके बायें हाथ में हो । यदि उसके बाये हाथ में कोई भी अंगुली न हो तो स्याही उसकी दायें हाथ की तर्जनी पर लगाई जायेगी और यदि उसके दायें हाथ की तर्जनी भी न हो तो उसकी दायीं तर्जनी से प्रारंभ करते हुए उसके दायें हाथ की किसी भी अन्य अंगुली पर स्याही लगाई जायेगी ।

परन्तु यदि किसी मतदाता के किसी भी हाथ में कोई भी अंगुली न हो तो स्याही उसके बायें या दायें हाथ के ऐसे सिरे (ठूंठ) पर जो भी उसके हो लगायी जायेगी।

## इंदौर जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 2677 मतदान केंद्र बनाए गए हैं




इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 2677 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदान से डेढ़ घंटा पहले माकपोल (दिखावटी मतदान) किया जाएगा। कम से कम 50 वोट डालकर मकपोल करना होगा। इस दौरान अभिकर्ता की मौजूदगी रहेगी। इस प्रक्रिया के बाद मशीनों को रिफ्रेश कर मतदान कराया जाएगा। लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केंद्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले माकपोल कराना होगा। पीठासीन अधिकारी को मॉकपोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल कराएंगे। मॉक पोल प्रारंभ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित रहना चाहिए।

जय श्री महाकाल ...



मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# आदर्श आचरण संहिता का गंभीरता से पालन कराया जाए-कलेक्टर

उज्जैन। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें। किसी भी स्तर पर कोई कमी न छोड़ें। सभी विधानसभाओं में 15-15 आदर्श केंद्र बनाएं जाएं। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन में आयोजित समयसीमा की बैठक में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को दिए हैं।



उन्होंने कहा कि मतदान के समय तेज गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में पर्याप्त छाया,पानी, दवाईयां, ओआरएस पैकेट आदि आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहें। मतदान केन्द्र में आने पर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि निजी भवनों में बनाएं गए मतदान केंद्रो वाले भवनों का अधिग्रहण किया जाए। उन्होंने 15 अप्रैल तक प्राप्त मतदान सूची में नाम जोड़ने ,संशोधित और विलोपित करने संबंधी आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण कराए जाने के लिए कहा।

उन्होंने निर्देश दिए कि ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग,पोस्टल बैलट, होम वोटिंग ,सामग्री वितरण संबंधी नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों के दल को निर्धारित शेड्यूल के अनुसार अच्छे से प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने सी विजिल, कंट्रोल रूम , ऑनलाइन ऑफलाइन निर्वाचन संबंधी प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने परिवहन प्रबंधन के संबंध में मतदान के लिए बसों को चिन्हित कर अधिग्रहण आदेश जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा बसों में जीपीएस भी लगाया जाना सुनिश्चित कराएं। मतदान दलों के रवानगी स्थल इंजीनियरिंग कॉलेज में भी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने स्वीप गतिविधियों को और प्रभावी ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 75 प्रतिशत से कम मतदान वाले 479 केन्द्रों पर डोर टू डोर मतदाता जागरूकता की गतिविधियां की जाएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से क्रिटिकल और वलनरेबल मतदान केंद्रो के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र का अनिवार्य रूप से 3 बार भ्रमण किया जाना सुनिश्चित करें। ईवीएम प्रबंधन के संबंध में उन्होंने 1 मई को ईवीएम मशीनों का सेकेंड रैंडामाईजेशन किये जाने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी अनिल फिरोजिया ने दाखिल किया नामांकन पत्र



उज्जैन। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत उज्जैन आलोट लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए 22 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री अनिल फिरोजिया ने प्रशासनिक संकुल भवन में कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी उज्जैन श्री नीरज कुमार सिंह के समक्ष नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। उन्होंने 4 नाम निर्देशन पत्र जमा किए। 18 अप्रैल से अभी तक कुल 7 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए हैं।

## महावीर जन्मकल्याणक के त्रिदिवसीय कार्यक्रम में प्रभातफेरी

उज्जैन। महावीर जन्म कल्याणक के त्रिदिवसीय कार्यक्रम में प्रभातफेरी के समापन स्थल फव्वाराचौक पर जीवनदीप परिवार द्वारा मधुमेह खोजो अभियान के अंतर्गत 95 लोगो की निःशुल्क शुगर की जाँच की गई,जिसमें 8 लोग चिन्हित हुए जिन्होंने पहली बार अपनी ब्लड शुगर की जाँच करवाई सभी को तुरन्त डॉ.के परामर्श की सलाह दी गई शिविर में जीवनदीप के सभी सक्रीय सदस्यों व स्टॉफ ने अपनी सेवाएं प्रदान की।



## आज प्रकटेश्वर महादेव मंदिर से निकलेंगे देवों के प्रतीक निशान, नगर वासी करेंगे पुजा



उज्जैन। आज 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जयंती पर फ्रीगंज स्थित श्री अखंड ज्योत हनुमान मंदिर पर प्रकटेश्वर महादेव मंदिर के देवों के 27 निशानों का पूजन कर संध्या 7 बजे ध्वजचल समारोह गैर निकाली जाएगी। जो फ्रीगंज के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। रास्ते भर नगरवासी निशानों का पूजन करेंगे।

मंदिर पैतृक पुजारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में अखंड रामायण का पाठ एक दिन पूर्व सोमवार से प्रारंभ हुआ। वहीं आज हनुमानजी की जन्मआरती पृतः 6 बजे कर 8 क्विंटल शुद्ध घी की नुकती का वितरण पुरे दिन मंदिर पर होगा। पुजारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि उज्जैन में सनातन परंपरा की प्राचीन धरोहर गैर पिछले 77 वर्ष से निरंतर श्री शिव विष्णु समिति द्वारा परंपरागत फ्रीगंज क्षेत्र में प्रकटेश्वर महादेव मंदिर से निकाली जा रही है। पुजारी परिवार द्वारा उक्त गैर का आयोजन हर वर्ष किया जाता चला आ रहा है। जिसमें हिंदू धर्म के सभी भक्तजन शामिल होते हैं। मंदिर पैतृक पुजारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि पुजारी परीवार की चौथी पीढ़ी मंदिर पर सेवारत है। इस वर्ष गैर का यह 78वां वर्ष है। सभी कार्यक्रम श्री शिव विष्णु समिति द्वारा फ्रीगंज के व्यापारियों व रहवासियों के सहयोग से किया जाता चला आ रहा है।

## सुंदरकाण्ड आयोजित किया गया

उज्जैन। उज्जैन कुश्ती जगत के भीष्म पितामह राम भैया यादव की पुण्यतिथि पर देवास गेट स्थित अजय होटल पर सुंदरकाण्ड का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त परिवार सदस्य और मित्रगण ने शामिल होकर स्वर्गीय राम भैया यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. बटुक शंकर जोशी, अजय यादव, चेतन प्रेमनारायण यादव, रवि यादव, डॉ. आनंद यादव, हरनाम यादव सहित पत्रकार दारा खान, रवि यादव, अंकित विशु यादव, यशवंत चौहान, पवन शाह, नाना तिलकर, ओम भारद्वाज, अमन खान, अभिषेक भारद्वाज और समस्त मित्रगण और परिवार गण उपस्थित रहे। ये जानकारी अंकित विशु यादव ने दी।



## गर नहीं किया मतदान/ दीवारें खाएंगी कान-सुपेकर




उज्जैन। गर नहीं किया मतदान/ छतें करेंगी शिकायत/ दीवारें खाएंगी कान/ इसलिए बचाने देश और संविधान/ अवश्य करें मतदान। उक्त पंक्तियाँ सरल काव्यांजलि संस्था की मासिक काव्य गोष्ठी में सन्तोष सुपेकर ने पढ़ीं। जानकारी देते हुए संस्था के राजेंद्र देवधरे ने बताया कि आदिनाथ रियल एस्टेट के कार्यालय, तीन बत्ती चौराहा पर इस मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्था की परंपरा अनुसार सुगनचंद जैन, डॉ. महेश कानूनगो का उनके जन्म माह पर पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। नवीन सदस्य जी.के. निगम का भी स्वागत हुआ। काव्यगोष्ठी का शुभारंभ आशीष श्रीवास्तव अश्क की सरस्वती वंदना और डॉ. संजय नागर द्वारा सरल जी की कविता के वाचन से हुआ।

शशांक दुबे ने प्रभावी व्यंग्य पढ़ा। सुगनचन्द जैन, आशीष अश्क, डॉ. रामप्रकाश तिवारी, गोपाल कृष्ण निगम, विजयसिंह गेहलोत साकित उज्जैनी, डॉ. रफीक नागोरी, रामचंद्र धर्मदासानी, डॉ. पुष्पा चौरसिया, प्रियम जैन और मानसिंह शरद आदि कवियों ने अपनी शानदार और सारगर्भित रचनाओं का पाठ किया। अन्त में नगर के ख्यात साहित्यकारों शिव राठौर और पी.डी. शर्मा मुसाफिर के दुखद अवसान पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्षता डॉ. महेश कानूनगो ने की एवं संचालन प्रियम जैन ने किया। आभार नितिन पोल ने माना।

## 5 दिवसीय श्री हनुमान जन्म महोत्सव की आज होगी पूर्णाहुति



उज्जैन। पिपलींनाका रोड स्थित अति प्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर आज श्री हनुमान जयंती की धूम रहेगी।

गादीपति पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान जयंती महोत्सव बड़े हर्षोलास के साथ मनाया गया। इसके अंतर्गत बाबा गुमानदेव हनुमानजी का पंचामृत स्नान एवं 11 प्रकार के फलों के रसों से एवं औषधियों से स्नान कराया गया। आज मंगलवार 23 अप्रैल को प्रातः जन्म आरती के बाद दोपहर 2 बजे से हवन प्रारम्भ होगा एवं अखंड रामायण की पूर्णाहुति होगी। रात्रि 8.30 बजे महाआरती की जायेगी। इस अवसर पर बाबा गुमानदेव हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया एवं सम्पूर्ण मंदिर को फूलों एवं विद्युत साज सज्जा से सजाया गया है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com